जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

28 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

2025-26 के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू: प्रॉस्पेक्टस अपलोड हो चुका है, 1 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न स्कूलों के लिए प्रवेश प्रॉस्पेक्टस जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परीक्षा नियंत्रक की वेबसाइट http://jmicoe.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (प्राथमिक अनुभाग सहित) (स्व-वित्तपोषित), जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (स्व-वित्तपोषित) और मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म 01 फरवरी 2025 से उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन आवेदन और 500/- रुपये का शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2025 है। इन स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म जामिया मिल्लिया इस्लामिया की वेबसाइट (https://admission.jmi.ac.in) पर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jmi.ac.in और www.jmicoe.in को देखें।

विश्वविद्यालय के बालक माता केंद्रों के लिए आवेदन फॉर्म दिनांक 5 मार्च 2025 से उपलब्ध होंगे और 50 रुपये के शुल्क के साथ आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 है। बालक माता केंद्रों में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म की हार्ड कॉपी मटिया महल, कसाबपुरा और बेरीवाला से प्राप्त की जा सकती है और संबंधित केंद्रों पर ही जमा करनी होगी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया